तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 9.5 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023



9 पुलिस ने थाना क्षेत्रों में लगाए अत्याधुनिक सीसीटीवी...





10 सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक...







## खबर संक्षेप

### 142 सांसदों के निलंबन पर आज धरना प्रदर्शन

**कोंडागांव।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लोकसभा एवं राज्यसभा के 142 सांसदों को निलंबित करते हुए लोकतंत्र की हत्या करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके विरोध मे इंडिया गठबंधन के द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के नेतृत्व मे 22 दिसंबर को कोंडागांव जय स्तम्भ चौक मे विशाल जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें बडी संख्या में कांग्रेसी हिस्सा लेंगे। जिलाध्यक्ष झुमुक दीवान ने कहा है कि कोंडागांव जिले के सभी प्रदेश, जिला पदाधिकारी, सांसद पूर्व सांसद विधायक, त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि ब्लॉक मंडल सेक्टर महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एन एस यू आई सेवादल सोसल मीडिया सहित समस्त अनुषांगिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में अपनी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### ठंड से बचने के लोग ले रहे अलाव का सहारा



**फरसगांव।** ठंड के जोर पकड़ते ही लोग ठंड से बचने गर्म कपड़े और अलाव का सहारा लेते हैं। जिसमें नगर पंचायत द्वारा हर वर्ष विभिन्न स्थानों पर लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की जाती है। इसमें मुख्य चौराहों, गरीब बस्तियों, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर शासकीय अलाव जलाए जाते हैं। इससे अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सके। इस बार भी तापमान में अधिक गिरावट आने के पहले ही नगर पंचायत फरसगांव नगरीय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों की राहत के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पंचायत के सीएमओ अजय राजपूत ने बताया कि पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के पांच अलग अलग जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। इसमें अस्पताल चौक, नेशनल हाईवे पर मंशा चौक, बस स्टैंड, डिपो और सीटीओ कालोनी सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है ताकि राहगीरों, गरीबों एवं आम लोगों को ठंड के प्रकोप से निजात दिलाया जा सके। वहीं असहाय लोगों के लिए कम्बल उपलब्ध है और बांटा जा भी रहा है ।

### हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया फरसगांव अस्पताल का शैक्षिक भ्रमण



**फरसगांव।** फरसगांव नगर में उच्च माध्यमिक विद्यालय के 12 वी के विद्यार्थियों को गुरुवार को फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अस्पताल और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी जुटाई। विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया और अस्पताल में फार्मेसी, बाह्य रोगी, आंतरिक रोगी, माइनर ओटी, मेजर ओटी, पैथोलॉजी लैब सहित अन्य कार्यों को देखा और उनके बारे में जाना । इस दौरान अस्पताल विभाग के सुजीत मरकाम, हाई स्कूल शिक्षिका भारती गोयल सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## भारत बंद से पूर्व नक्सलियों ने जमकर मचाया उत्पात

# देर शाम दो यात्री बस, ट्रक, टिप्पर व टॉवर को किया आग के हवाले, आवागमन बाधित









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को भारतबंद से एक दिन पूर्व नक्सलियों ने बस्तर के अलग अलग जिलों में जमकर उत्पात मचाते हुए आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। गुरूवार देर शाम नक्सलियों ने आवापल्ली से रायपुर के लिए रवाना हुई रॉयल ट्रैवल्स की बस व जगदलपुर से बासागुड़ा के लिए रवाना हुई कुशवाह ट्रैवल्स की बस से यात्रियों को उतारकर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के उत्पात को देखते हुए आईजी ने अलर्ट जारी करते हुए सुरक्षाबलों को सीमावर्ती राज्यों की फोर्स के साथ आपरेशन व सर्चिंग बढ़ाने निर्देश दिए है। गौरतलब है कि केन्द्रीय कमेटी के आव्हान पर नक्सलियों ने 16 से 22 दिसम्बर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाने व 22 दिसम्बर को भारत बंद का एलान किया है। दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रवक्ता समता ने पर्चा जारी कर बताया कि बिहार-झारखण्ड क्रांतिकारी आंदोलन पर हो रहे दमन के विरोध में केंद्रीय कमेटी के आव्हान पर 16 से 22 दिसम्बर तक दक्षिण सब जोन इलाके में प्रतिरोध सप्ताह को सफल बनाया जाएगा। झारखण्ड के क्रांतिकारी आंदोलन पर पिछले 22 महीनों से सिलसिलेवार ढंग से बर्बरतापूर्वक हमले किया जा रहा है, इसके विरोध में केंद्रीय कमेटी ने ऐलान किया है कि दिसम्बर 16 से 22 दिसम्बर तक दमन विरोधी प्रतिरोध सप्ताह व 22 दिसम्बर को भारत बंद को सफल बनाएं। भारत बंद के दो दिन पूर्व से ही माओवादियों ने बस्तर के अलग अलग जिलों में जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में देर शाम नक्सलियों ने रॉयल बस को दुगईगुड़ा के पास आग के हवाले कर दिया। रॉयल ट्रेव्हल्स की यह बस देर शाम आवापल्ली से राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुई थी। नक्सलियों ने पहले यात्रियों को बस से उतारा फिर आग के हवाले कर दिया। वहीं देर शाम जगदलपुर से बासागुड़ा के लिए रवाना हुई कुशवाह ट्रेव्हल्स की बस को तिम्मापुर के दुर्गा मंदिर के करीब यात्रियों को उतारकर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने 22 किमी के अंतराल में एक ही मार्ग में दो यात्री बस को आग के हवाले कर घटना को अंजाम दिया है। बीजापुर एसपी अंजनेय वार्ष्णेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मौके पर पुलिस बल को रवाना किया गया है। आगजनी की घटना से इलाके में दहशत व्याप्त है।

■ सुरक्षा बल अलर्ट पर, अंदरूनी व सरहदी इलाकों में आपरेशन तेज

### सीमावर्ती राज्य की पुलिस के साथ तालमेल कर आपरेशन तेज

नक्सलियों के बंद को देखते हुए सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रहने निर्देश दिया गया है। वहीं सीमावर्ती पुलिस के साथ तालमेल रखते हुए आपनेशन तेज करने कहा गया है। नक्सली जब भी बैकफुट पर होते है तो इस तरह की घटना को अंजाम देते हुए आंतक फैलाते हैं, लेकिन उनका असली चेहरा जनता देख चुकी है और नक्सलियों का सपोर्ट नहीं कर रही है।

**- सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर

### टॉवर को किया आग के हवाले

*बुधवार रात मद्देड़ थाना क्षेत्र के सोमनपल्ली में लगे बीएसएनएल के टावर में आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक सोमनपल्ली बीएसएनएल टावर में लगे सोलर बैटरी को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। आग के चलते मोबाइल टावर का सिस्टम जल गया। इसकी जानकारी पुलिस को सुबह लगी जिसके बाद फोर्स मौके पर पहुंची।*

### रोड काटकर जमकर मचाया उत्पात

*नक्सलियों का मांड डिवीजन में सक्रिय माओवादियों ने अलग-अलग क्षेत्र में दहशत फैलाते हुए ओरछा, सोनपुर व कोहकामेटा मार्ग में जमकर उत्पात मचाया हैं। जगह जगह सड़क खोदकर पेड़ गिराया गया है। वहीं बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर और पर्चे फेके हैं। नक्सलियों ने अबूझमाड़ के सभी रोड बंद कर रखे हैं, ऐसे में इस क्षेत्र में शिक्षा दूरसंचार एंबुलेंस की गाड़ियां तक को जाने की मनाही है। नक्सलियों का आरोप है कि पुलिस ग्रामीणों पर दमन कर रही हैं और अलग अलग तरीके से फंसाकर जेल में बंद किया जा रहा है।*

### दो ट्रेलर वाहन सहित यात्री बस में की आगजनी, तीन राज्यों की सीमा पर दहशत

**कोण्टा।** दक्षिण बस्तर के अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सलियों ने उत्पात मचाते हुए बुधवार रात अनेक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि नक्सलियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद का आव्हान किया है। इसके दो दिन पूर्व ही नक्सलियों ने सुकमा जिला के कोण्टा बार्डर क्षेत्र के पास उत्पात मचाते हुए दरभागुड़ा व आसिरगुड़ा के मध्य एनएच 30 में दो ट्रेलर वाहन सहित एक आंध्रप्रदेश के यात्री बस में आगजनी की। वहीं जगरगुंडा के कमरगुड़ा के पास एक पिकअप वाहन को आग लगा दी। आगजनी की घटनाओं की सूचना मिलने पर सुकमा एसपी किरण चव्हाण के मार्ग-दर्शन में सुकमा से लेकर कोण्टा आंध्र बार्डर तक सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। लेकिन नक्सली कोण्टा थाना से महज दो किलोमीटर के दूरी पर आंध्रप्रदेश के चिंतुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विरापुरम के पास राष्ट्रीय राज मार्ग पर आकर वाहनों को रोक डराते धमकाते राजमेंद्री के रहने वाले इंजीनियर मलिका अर्जुन जो कि अपने किसी निजी काम से बिलासपुर जा रहे थे, उनसे एक लेपटॉप, मोबाइल, पर्स लूटते हुए उनकी बेदम पिटाई कर उनके निजी वाहन शिफ्ट डिजाइर कार को आग के हवाले कर दिया। वहीं कोण्टा नगर के ही एक भाजपा नेता का परिवार जो इलाज करा कर लौट रहा था, उनके वाहन पर भी पथराव कर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। लेकिन सुझ-बूझ का परिचय देते हुए ड्राइवर ने उक्त घटना स्थल से वाहन भगाकर ले जाने में सफल रहा।

### बची एनएमडीसी के करोड़ों की मशीनें

*नक्सलियों के लंबे समय शांत रहने के बाद अचानक इस प्रकार खुले आम एनएच पर आकर किए गए अलग-अलग स्थानों के घटना क्रम को लेकर तीन राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में दहशत व्याप्त है। वहीं आसिरगुड़ा के पास नक्सलियों द्वारा किए जा रहे उत्पात आगजनी की जानकारी मिलते ही एसपी किरण चव्हाण ने करीबी थाने को मार्गदर्शित करते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पहले से मोर्चा संभाले एर्राबोर थाना प्रभारी व आला सुरक्षा बलों ने मिलकर ट्रेलर वाहनों में जा रही करोड़ों रुपयों के एनएमडीसी की मशीनरी को बचाने में सहायक सिद्ध हुए।*

### सैद्धांतिक संघर्ष को छोड़ लूटपाट में लगे नक्सली

*22 दिसंबर को नक्सलियों ने भारत बंद का आव्हान करते हुए कोण्टा ब्लॉक के अनेक स्थानों में बेनर पोस्टर से प्रचार कर रहे हैं किंतु नक्सली अब अपने सैद्धांतिक संघर्ष को छोड़ लूट मार की ओर बढ़ रहें है।*

## पुल मरम्मत से वन-वे हुआ रायपुर का मार्ग, लोगों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय से रायपुर जाने वाले शहर के किनारे बड़ा पुल का एक हिस्सा की रेलिंग दो वर्ष टूटने के बाद एनएचएआई ने मरम्मत कार्य की शुरुआत की है। इसके चलते रायपुर एवं जगदलपुर से जाने-आने में दोनों को पुल का वन-वे किया गया है, जिससे लोगों परेशानी हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौजूदा ट्रैफिक के लायक नहीं रहा इंद्रावती नदी पर 36 वर्ष पूर्व बना पुल, लेकिन विभाग पैच वर्क कर काम चला रहा है। नए पुल के निर्माण की फाइल कहीं अटकी पड़ी है। यदि यह पुल क्षतिग्रस्त होता है तो बस्तर का शेष छत्तीसगढ़ से सीधा संपर्क टूट जाएगा। एनएचएआई ▶▶|शेष पेज 8 पर

■ दोनों ओर वाहन होते हैं जाम एनएचएआई का ध्यान नहीं

## कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर खाद्य निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर हरिस.एस ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप खाद्य निरीक्षक हरिशंकर साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंटा का जांच प्रतिवेदन अनुसार आवेदक राकेश जायसवाल ग्राम चिंतलनार के द्वारा तहसीलदार दोरनापाल एवं खाद्य निरीक्षक दोरनापाल के विरूद्ध शिकायत की जांच की गई। इसके साथ ही जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किये गये निरीक्षण तथा 17 दिसम्बर को आवेदक का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोन्टा के समक्ष दर्ज कथन एवं आवेदक द्वारा साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत वीडियो, ऑडियो सीडी आदि का अवलोकन एवं परीक्षण में खाद्य निरीक्षक हरिशंकर साहू के कार्यप्रणाली संदिग्धता को प्रदर्शित करता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का स्पष्ट उल्लंघन एवं दण्डनीय है। उक्त शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत खाद्य निरीक्षक हरिशंकर साहू ▶▶|शेष पेज 8 पर

■ तहसीलदार को निलंबित करने की अनुशंसा

## बड़े भाई से प्रेरित होकर राजनीति में आए किरण देव

# छात्र जीवन से शुरू राजनीति का सफर अब प्रदेश की कमान तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ भाजपा का नया अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष का बड़ा दायित्व मिलने पर बस्तर भाजपा संगठन में खुशी की लहर है। वे अपने बड़े भाई अमर देव से प्रेरित होकर राजनीति में आए। अमर देव भाजपा के बड़े नेताओं में एक थे। दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे जैसे ही किरण देव को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की खबर वायरल हुई तब जगदलपुर और बस्तर के कार्यकर्ता जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंचने लगे जहां आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाजयुमों के कार्यकर्ता किरण देव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। किरण देव नगर निगम के पूर्व महापौर रह चुके हैं। विधानसभा चुनाव में उन्होंने जगदलपुर के पूर्व महौपार और कांग्रेस उम्मीदवार जतिन जायसवाल को लगभग 30 हजार वोटों से हराया है। किरण देव ने राजनीति की शुरुआत ▶▶|शेष पेज 8 पर



■ संगठन के जिला स्तरीय दायित्वों के बाद अब बने प्रदेश अध्यक्ष

### क्रिकेट के मंजे हुए खिलाड़ी रहे

*सुकमा जमींदार परिवार के किरण देव बस्तर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) की टीम से लंबे समय तक आल राउंडर खिलाड़ी के रूप में प्रसिद्ध रहे। लगभग 20 साल तक वे खेल मैदान से जुड़े रहे। अच्छे बेट्समेन और बॉलर थे। यूनिर्वसिटी स्तर तक के मैच उन्होंने खेला। बीएससी, एलएलबी तक शिक्षित किरण देव स्थानीय न्यायालय में काफी समय तक वकालत के पेशे से जुडे रहे। शौकिया लेकिन अच्छे गायक के रूप में भी उनकी पहचान रही।*

### पत्नी शिक्षिका, परिवार में दो बेटियां

*नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की धर्मपत्नी रीना सिंह देव सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। परिवार में दो बेटियां राशि सिंह देव और आयुषी सिंह देव। आयुषी का विवाह हो चुका है दामाद भरत चंद्र सिंहदेव गुरूग्राम नई दिल्ली में काम करते हैं वे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से हैं। उनके दो बड़े भाई कुमार जयदेव और करण देव है। पिता लक्ष्मीनारायण देव अस्वस्थ हैं जो बड़े भाई कुमार जयदेव के साथ वृंदावन कॉलोनी जगदलपुर में हैं।*

## बीमारी के चपेट में आकर अब तक 6 की मौत

# मुंह मुंहपका रोग से हो रही बकरियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारसूर

इंद्रावती नदी पार बारसूर से लगे भैरमगढ़ ब्लॉक के सरहदी गांव कोशलनार में फूट एंड माउथ डिजीज के संक्रमण से देशी नस्ल के बकरियों की लगातार मौत हो रही है। इलाके के बकरी पालक देशी नुस्खे को आजमाकर पशुधन को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन संक्रमण का असर कम नहीं हो रहा है। बीजापुर से तकरीबन 130 किलोमीटर दूर अति दुर्गम क्षेत्र कोशलनार पंचायत के सरपंच पारा, नयापारा, झोड़ीपारा, पेरमापारा और अस्पताल पारा में मुंहपका रोग का संक्रमण बकरियों ▶▶|शेष पेज 8 पर



### विजिट में नहीं आते पशु चिकित्सक

*विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोशलनार इलाके में पशु चिकित्सा सेवा मुहैया कराने की जिम्मेदारी पशु चिकित्सक डॉ मिथिलेश उप्पल और एव्हीएफओ काजल सलाम की है। उक्त दोनों कर्मचारी भैरमगढ़ में ही सेवा देते है। महीना तो दूर साल में एक बार भी कोशलनार इलाके के विजिट में नहीं आते हैं। पशु पालक थलेश ठाकुर ने बताया कि पशु चिकित्सा विज्ञान के मुताबिक विभक्त खुर वाले पालतु मवेशियों के लिए फुट एंड माउथ डिजीज बेहद घातक और जानलेवा है। यह पिकोरना नामक विषाणु से फैलता है जिसके 4 स्ट्रेन होते हैं। शुरूआत में रोग ग्रासित मवेशियों के मुंह और नासिका के ऊपर फोड़े नजर आते है ,जो समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण गहरे घाव में तब्दील हो जाते हैं। जीभ और मसूड़ों में अंदर तक घाव फैलने के बाद मवेशियों की हालत नाजुक हो जाती है। कभी-कभी पैर में संक्रमण, इतना बढ़ जाता है कि खुर अलग हो जाते हैं। बकरियों को तेज बुखार आने के साथ ही दर्द होता है। बीमार बकरियों की प्रजनन क्षमता और दुग्ध उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ता है। कोशलनार इलाके के ग्रामीण, बकरियों पर मुंह मुंहपका रोग का प्रकोप बता रहे हैं, वह बैक्टेरिया डिजीज भी हो सकता है।*

### नियमित दौरा संभव नहीं

भैरमगढ़ पशु चिकित्सा केंद्र के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ ने कोशलनार इलाके में फैले बीमारी के बारे में कहा कि बकरी पालक या पंचायत की ओर से उन्हें बीमारी की जानकारी नहीं दी गई है। हरिभूमि से यह मामला संज्ञान में आया है। विभाग की ओर से तत्काल टीम भेज टीकाकरण किए जाएंगे। कोशलनार इलाके में नियमित दौरा संभव नहीं है। क्योंकि उन्हें भैरमगढ़ के अलावा कुटरू और भोपालपटनम का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कुल 290 गांवों में पशु चिकित्सा सेवा मुहैय्या कराने की जिम्मेदारी अकेले निभाने में परेशानी हो रही है।

**- मिथिलेश उप्पल**
पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में 33 ग्रामों के 15 हजार से अधिक लोगों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसके तहत विकास रथ द्वारा 33 ग्रामों में पहुंचकर विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी ग्रामों में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इन आयोजनों में अब तक 33 ग्रामों के 15 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इन शिविरों में 18 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है। इन आयोजनों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसका लाभ 3898 लोगों ने लिया इसके अतिरिक्त 1309 लोगों ने टीबी की जांच, 1163 लोगों ने सिकलसेल जांच करायी। 136 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत कनेक्शन प्रदान किया गया। ग्रामों के उत्सकृष्ट कार्यों वाले 30 महिलाओं, 171 छात्र–छात्राओं, 10 स्थानीय खिलाड़ियों एवं 68 लोक कलाकारों एवं शिल्पकारों का सम्मानित किया गया। गुरूवार को फुका गिरोला, बड़े सिलाटी, बड़े खौली, पड्डे, जुगानी कलार एवं सिरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सभी ग्रामीणों ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकते हुए देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने एवं नागरिक होने के कर्तव्य निर्वहन का संकल्प लिया।

### योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया

इसके तहत विभिन्न विकास मूलक योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए सभी को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी योजनाओं की पात्रता से लेकर योजनाओं के लाभों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रोन तकनीक तथा नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अुनविभाग तथा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 3898 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लिया लाभ





### शुक्रवार को सिघनपुर, मालगांव, हिचका, करमरी, लंजोड़ा एवं जैतपुरी में होगा, आयोजन

शुक्रवार 22 दिसंबर को कोण्डागांव विकासखण्ड के सिघनपुर, मालगांव, फरसगांव विकासखण्ड के लंजोड़ा, जैतपुरी तथा केशकाल विकासखण्ड के हिचका और करमरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## 18 प्रकार के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को किया गया योजना में सामिल

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 116 अनुमोदित, सरकार को किया प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा 116 आवेदनों का अनुमोदन करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित किया गया। श्री सोनी ने केन्द्र सरकार की इस योजना को जिले के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसका लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक तथा योजना के नोडल अधिकारी जेवियर टोपो ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्कारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जायेगा। इनमें बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई झाडू बनाने वाले, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार (पुष्प सज्जा), धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं।



**सीएससी में पंजीयन हुआ शुरूः** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए केन्द्रीय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। इसके लिए पारंपरिक शिल्पकार एवं कारीगर आधार कार्ड एवं लिंक मोबाईल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने निकट के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं।

**मिलेगा प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्रः** योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र प्रदाय किया जायेगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए पांच से सात दिन का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण तथा यंत्र एवं औजार भी उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपये तक और दूसरे चरण में दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। डिजीटल ट्रांजेक्शन करने पर हितग्राही को प्रति ट्रांजेक्शन 1 रुपये का फायदा होगा। बैठक में बताया गया कि इकाई स्थापना के बाद उत्पादों के डिजाइन एवं विपणन के लिए ब्राण्ड उन्नयन आदि के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर लीड बैंक ऑफिसर कृष्णा सिंकु, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक अनिरुद्ध कोचे उपस्थित थे।

# उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा और भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के विरोध में भाजपा तथा भाजयुमो ने गुरुवार की दोपहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने उपराष्ट्रपति के किये गये अपमान को अक्षम्य बताया और नाराजगी व्यक्त करते हुये जोरदार नारेबाजी की। गोल बाजार चौराहे में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता जुटे। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कहा देश के प्रमुख संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का अपमान देश का अपमान है। हार की हताशा में विपक्षी दल सीमायें पार कर रहे हैं। राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं को माफी मांगनी चाहिये। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि उपराष्ट्रपति का अपमान करके विपक्षी दलों ने अपनी कुमंशा देशवासियों के सामने उजागर कर दी है। विपक्षी नेताओं का कृत्य शर्मनाक व निंदनीय है। इस दौरान श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, दंतेश्वर राव, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, आर्येंद्र आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, संग्राम सिंह राणा, नरेंद्र पाणिग्रही, प्रकाश रावल, रमन चौहान, मनोज पटेल, वीरू शर्मा, सूर्यभूषण सिंह, आनंद झा, अमर झा, योगेश मिश्रा, प्रकाश झा, राजपाल कसेर, मोहम्मद अजीज, गोदावरी साहू, माहेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, योगेश मिश्रा, विकास पात्रों, अनिमेष चौहान, भुवनेश धुरव, मनोज ठाकुर, सुभेन्द्र भदौरिया, योगेश पानीग्राही, पवन गुप्ता, दुर्जन कश्यप, रैदू नाग, रूपेश समरथ, राजेश सेठिया समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बौद्धिक व शारीरिक विकास में खेल की अहम भूमिकाः महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



प्रधानचेर्रा में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहुंचे महेंद्र नेताम ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि खेल भावना से इस प्रतियोगिता में भाग लें, खेल का भी हमारे जीवन में अहम भूमिका है। जिससे शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। तन मन स्वस्थ रहने से स्मरण तथा सीखने की क्षमता का विकास होता है, जो विद्यार्थी जीवन के लिए जरूरी है। इस प्रतियोगिता में बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें और आगे बढ़ें।राज्य स्तर के खिलाड़ी बनने का प्रयास करे और क्षेत्र का नाम रोशन करें। महेंद्र नेताम ने खिलाड़ी बच्चों को खेल की शपथ दिलाई और निर्णायकों से निष्पक्ष निर्णय करने कहा। समस्त शिक्षक साथियों की ओर सर्व प्रथम लोकेश गायकवाड़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों सभी 11 संयोजक को फाइल व बैज भेंट कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। बच्चे अपने बीच जनप्रतिनिधि से शुभकामनाएं पाकर खुश नजर आए। इस खेल टूर्नामेंट में कुल 16 स्कूल, कोहकामेटा, प्रधान चेर्रा, सिदावंद, गौरगाँव, कोदोभाट पंचायत के बच्चे शामिल है। आयोजन समिति ने आसपास के लोगों से उत्साहवर्धन के लिए क्रीड़ा स्थल में आने की अपील की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से रखा गया है। इस इवेंट में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात है। उदघाटन समारोह में हेमराज गावड़े, जयसिंग मरकाम, टाकेश्वर शोरी, बुधराम मरकाम, रामसू नेताम, आशाराम गावड़े, भक्तेश्वर नाग, भुनेश्वर नाग, महेश पुजारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक शेख अजीम व शोयेब अली के कुशल मार्गदर्शन मे सभी शिक्षकों ने खेल को खिलाड़ी भावना से फील्ड मार्शल रूप धर तामो के सहयोग से सम्पन्न किया। कार्यक्रम का संचालन मनी राम कुंजाम ने किया।

## आवासों का निर्माण शासन की पहली प्राथमिकता

कोण्डागांव। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय–सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के भू तल में स्थित सभा कक्ष में आवास निर्माण के प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि आवासों का निर्माण शासन की प्राथमिकता में है तथा इसमें किसी भी प्रकार विलंब न करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शासन द्वारा बड़ी संख्या में नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी और इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रहें। उन्होंने सामग्री की सहज उपलब्धता के लिए स्थानीय व्यवसायियों के साथ ही स्वसहायता समूह के महिलाओं को भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने राशि की प्राप्ति के उपरांत भी आवास निर्माण में रुचि नहीं लेने वाले हितिग्राहियों से वूसली की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

### रंगाई पुताई के साथ जिओ टैगिग भी जरूरी

कलेक्टर ने सभी आवासों के निर्माण का कार्य रंगाई–पोताई के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लोगो के साथ पूरा करने के पश्चात इसकी जियो टैगिंग अवश्य कराने के निर्देश दिए। अब तक जिले में 7408 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 8586 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। जिन्हें जल्द पूर्ण किया जायेगा।

*कार्यशाला में पहली बार पहुंचे एनआईए के अधिकारी*

# जवानों को एनआईए, सीआरपीसी व आईपीसी अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पुलिस हेडक्वार्टर के निर्देश पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शौर्य भवन में किया गया था। बस्तर संभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिल्ली व रायपुर से आए विशेषज्ञों की टीम द्वारा एनआईए, सीआरपीसी व आईपीसी अधिनियम की जानकारी देते हुए साक्ष्य संकलन, तलाशी, गिरफ्तारी, जब्ती व अभियोग पत्र कैसे तैयार करें बताया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 19 से 21 दिसम्बर तक नक्सल हिंसा एवं नक्सल गतिविधि सम्बन्धित प्रकरणो की विवेचना में क्षमता विस्तार के लिए तीन दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन शौर्य भवन स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में रेंज पुलिस व राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के प्रशिक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर आईजी सुंदरराज पी, एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा व डीआईजी एनआईए कुलदीप सिंह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर एवं दिल्ली से आये हुए विशेषज्ञों द्वारा जवानों व अधिकारियों का अलग अलग विषयों पर व्याख्यान देकर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में अपराध की पंजीकरण से लेकर साक्ष्य संकलन, तलाशी, गिरफ्तारी, जप्ती, अभियोग पत्र तैयार किये जाने में अपनाये जाने वाली उचित प्रक्रियाओं के संबंध में केस स्टडी के माध्यम से जानकारी दिया गया।एनआईए. अधिनियम, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, सीआरपीसी/आईपीसी, आयुध अधिनियम व विधिक प्रावधान की जानकारी दी गई। केस स्टडी के माध्यम से आतंकी, नक्सली घटनाओं के अन्वेषण में सायबर फारेंसिक का महत्व एवं मोबाईल फारेंसिंक, सीडीआर व आईपीडीआर विश्लेषण की तकनीकि जानकारी एवं इसमें उपयोग किये जाने वाले महत्वपूर्ण साफ्टवेयर/एप (टूल्स) के बारे में बताया गया। उक्त कार्यशाला में एनआईए के प्रशिक्षक के रुप में उप पुलिस अधीक्षक डी श्रीनिवास राव, वरिष्ठ लोक अभियोजक इस्माईल रजक शेख, निरीक्षक जितेंद्र कुमार ओझा के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। कार्यशाला का समापन गुरूवार को आईजी सुन्दरराज पी, एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एनआईए) संदीप माहूर्ले की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### 90 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए

प्रशिक्षण व कार्यशाला में बस्तर रेंज के सभी जिलों के एएसपी से लेकर प्रधान आरक्षक स्तर के अधिकारी समेत 90 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादियों एवं उनकी हिंसात्मक विचारधाराओं के समर्थकों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने प्रकरणो की विवेचना की स्तर में गुणवत्ता में सुधार ले आने की अति आवश्यकता है। बस्तर रेंज में विगत 3 दिनों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से विवेचना अधिकारीयों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## सुशासन स्थापित करने का लिया जाएगा संकल्प

# सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस के रूप में मनाई जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों और ग्राम पंचायतों में तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में निर्देश दिये हैं, राज्य शासन द्वारा 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के पूर्व ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल स्तम्भ की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जन प्रतिनिधि और आम नागरिक गांवों और ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे । कार्यक्रम के संयोजक तरुण साना ने बताया कि विधानसभा बैठक लेकर आगामी दिनों अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती पर समस्त विधानसभा क्षेत्र में सांसद दिवस के रूप में मन अनेक गतिविधियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इस बीच कार्यकर्ताओं को बताया कि सुशासन दिवस के दिन नगर व गांव में सफाई अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही अस्पतालों में जाकर फल वितरण, अनेक कार्यक्रमों को करवाया जाए, इसके साथ ही 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिसके चलते प्रत्येक घरों में रंगोली सजाने व दीपक जलाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ता गांव गांव पहुंचे। उन्हें आमंत्रित करें, आने वाले फरवरी माह में प्रत्येक गांव से भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री राम मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या जाने हेतु भी गांव गांव में घर-घर पहुंच आमंत्रण दिया जाएगा। 25 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से सुशासन दिवस का शुभारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अटल चौक पर स्वर्गीय वाजपेई के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करने के बाद उपस्थित निर्वाचित प्रतिनिधि एवं आम जनता गांव एवं ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे।



## पेज 7 के शेष

### पुल मरम्मत से वन-वे हुआ...

(नेशनल हाईवे एथॉरिटी ऑफ इंडिया) ने 2 साल पहले ही यह कह दिया था कि अब यह पुल कमजोर हो चुका है। लिहाजा इसकी जगह नए पुल का निर्माण करना होगा। एनएचएआई ने प्रस्ताव भी तैयार कर लिया, लेकिन पूरी फाइल कहीं अटकी पड़ी है, अब खतरे के बीच हर रोज हजारों वाहन इस पुल से होकर गुजर रहे हैं। भारी वाहन जब गुजरते हैं तो पुल कांपता है। इसी पुल का एक हिस्सा 2 वर्ष पूर्व ढह गया था। इसके बाद एनएचएआई के इंजीनियरों की टीम ने मौका मुआयना किया और पुल से भार कम करने की नसीहत दी थी। जगदलपुर संभाग मुख्यालय को उत्तर भारत से जोड़ने यही इकलौता पुल है। यही वजह है कि आंध्र, तेलंगाना, ओड़िशा सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में वाहन इसी पुल से होकर गुजरते हैं। लंबे समय से हैवी ट्रैफिक की वजह से कमजोर हो चुके पुल की फिर एक बार मरम्मत की जा रही है।

नए पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं

एनएचएआई छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर पंकज ओझा ने इस संबंध में बताया कि मरम्मत शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से अब तक नए पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने...

को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सुकमा नियत किया गया है। प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल (सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख) अजय कुमार मेरावी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर लाभार्जन के उद्देश्य से एवं संदर्भित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन के पुष्टि होने के आधार पर सुकमा कलेक्टर हरिस.एस द्वारा संभाग आयुक्त को संबंधित प्रभारी तहसीलदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक, निलंबन की कार्यवाही किये जाने हेतु अनुशंसा पत्र भेजी गई है।

### छात्र जीवन से शुरू राजनीति...

छात्र संघ अध्यक्ष के रूप में की थी। सन 1985 में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर छात्र संघ अध्यक्ष बने। 1998 में भाजयुमो के बस्तर जिला उपाध्यक्ष, 2002 से 2005 तक भारतीय जनता पार्टी बस्तर जिलाध्यक्ष, 2005 से 2009 तक प्रदेश मंत्री, 2009 से 2014 तक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जगदलपुर नगर निगम के महापौर रहे। 2014 से 2020 तक प्रदेश मंत्री और 2020 से 2022 तक प्रदेश महामंत्री, 2022 से अब तक बिलासपुर संभाग के प्रभारी रहे।

### मुंह मुंहपका रोग...

में देखा गया। इस बीमारी के चपेट में आकर अब तक 6 से अधिक बकरों और बकरी की मौत हो चुकी है। कुछेक बकरियों में संक्रमण का असर, इतना ज्यादा है कि मुंह में चांवल के दाने की तरह सफेद कीड़े नजर आ रहे हैं। बकरियों का चारा-पानी बंद है और चंद सांसें ही शेष है। लगातार रक्त स्त्राव हो रहा है। चिकित्सकों की माने तो लास्ट स्टेज वाले ऐसे संक्रमित मवेशियों को बचाना लगभग नामुमकिन है। जानकारी के अभाव में रोग ग्रसित और स्वस्थ बकरियों को एक ही साथ रखा जा रहा है। जबकि यह तरीका गलत है। मुंह मुंहपका रोग से बचाने ग्रामीण कच्ची गांठ वाली हल्दी और नीम पत्ती का लेप लगा रहे हैं। कुछ लोग कोरोना काल में उपयोग किए जाने वाले सेनेटाइजर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। बकरी पालक मुंहपका रोग से बकरियों को बचाने देशी नुस्खे से लेकर कई तरह के जतन कर रहे हैं। वहीं पशु पालन विभाग बीजापुर को इस बात की भनक तक नहीं है। अस्पताल पारा के लैखन पिता सहदेव ने बताया कि एक माह से अधिक हो गया, बकरियों में मुंहपका रोग फैला है। इस रोग से सप्ताह भर पहले 3 साल की आयु वाले बकरी की मौत हो गई। लगभग 15 हजार का नुकसान हुआ। इसके अलावा चमरा के घर में पल रहे दो बकरियों ने भी बीमारी से दम तोड़ा। इनके बाजार भाव 25 हजार के आस-पास बताये गये है। बकरी पालक रोमो और दुकारू के भी एक-एक जोड़ी बकरा-बकरी रोग से मरने की खबर है। सरपंच पारा निवासी बोटे के घर के रोपिंग अखाड़े में 5 जोड़ी से अधिक बकरा व बकरी हैं। अधिकांश में मुंहपका के लक्षण हैं। 3 माह के मेमने और दो साल की उम्र के 3 बकरी की हालत नाजुक है। पूर्व सरपंच रघु के घर में 6 माह का एक बकरा गंभीर अवस्था में देखा गया। बकरी पालक मंगलु पदामी के 2 साल की बकरी के मुंह और खुर में घाव होने से जान का खतरा है।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर कल

जगदलपुर। बस्तर जूनियर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 23 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चेंबर भवन में निःशुल्क रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी सचिव लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ने दी है।

### अभ्यर्थी 26 तक कर सकते हैं निर्वाचन व्यय लेखा का समाधान

जगदलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 परिणाम घोषणा के 26वें दिन बैठक आहूत किया जाना है, उक्त संदर्भित पत्र में दिये निर्देशानुसार 29 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक आयोजित की गयी है। उक्त बैठक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनेकता राशि यदि कोई है का लेखा समाधान करने का एक अवसर दिया जाएगा, साथ ही 26 दिसम्बर 2023 तक अभ्यर्थी अपना व्यय लेखा जिला पंचायत कार्यालय जगदलपुर में निर्वाचन व्यय लेखा सेल में दाखिल कर सकते हैं। अतएव अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें, ताकि अपने निर्वाचन व्यय के लेखे में निर्वाचन व्यय की विवादित मदों का लेखा समाधान कर सकें।

### बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास व सचिव बने लिखेश्वर

# विजयी प्रत्याशी बाजे-गाजे के साथ पहुंचे दंतेश्वरी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के ग्रंथालय भवन में हुआ। संघ के 392 मतदाताओं में से 342 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 15 डाक मत भी शामिल है। अध्यक्ष पद पर अरुण दास, सचिव पद पर लिखेश्वर जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर पवन राजपूत, कनिष्ठ महिला उपाध्यक्ष के पद पर हेलिना गिरिधरन, कोषाध्यक्ष पद पर दीनबंधु रथ के साथ अन्य पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। परिणाम घोषणा के पश्चात विजय प्रत्याशी बाजे-गाजे के साथ मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय संघर्ष में अरुण दास, राकेश दास और सपन देवांगन के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। अरुण को 126 वोट मिले उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सपन को 111 और राकेश को 105 वोट मिले, इस तरह से 15 वोटों से अरुण विजयी रहे। सचिव पद के लिए लिखेस्वर जोशी और अजय श्रीवास्तव के बीच सीधा मुकाबला था लिखेश्वर जोशी को 226 वोट मिले और अजय श्रीवास्तव को 115 वोट मिले इस तरह से 111 वोटो से लिखेश्वर जोशी विजय हुए। उपाध्यक्ष वरिष्ठ के पद पर तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था, पवन राजपूत को 184 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अजीम मोहम्मद को 122 और नितेंद्र कौशिक को मात्र 29 वोट मिले, इस तरह से 62 वोटों से पवन राजपूत विजई रहे। उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला के पद पर हेलिना गिरिधरन और सुकांति पाटले के बीच सीधा मुकाबला था, इसमें हेलिना गिरिधरन को 185 और सुकांति पाटले को 153 वोट मिले इस तरह से 32 वोटो से हेलेना गिरीधरण विजय रही। कोषाध्यक्ष के पद पर दीनबंधु रथ और निर्मल सोनी के बीच सीधा मुकाबला था, जिसमें दीनबंधु रथ को 245 वोट मिले और निर्मल को मात्र 97 वोट इस तरह से 148 वोटो से दिनबंधु रथ विजय हुए। ग्रंथपाल के पद पर विजय प्रकाश दास और मनबोध बघेल के बीच सीधा मुकाबला था, इसमें विजय प्रकाश दास को 196 वोट मिले और मनबोध राम बघेल को 138 वोट मिले, इस तरह से 58 वोटों से विजय प्रकाश दास विजय हुए। इनके अतिरिक्त सह सचिव के पद पर संतोष चौधरी, संस्कृति एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर संजय कुमार जायसवाल, महिला कार्यकारिणी आरक्षित के पद पर संगीता ब्रिज फर्नांडिस, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ऋषि तिवारी, देवव्रत शाह, श्रवण कुमार शुक्ला, पूनम सोनी और मौसम लुणावत पहले से ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

#### देर शाम आया परिणाम

बताया जा रहा है कि सुबह से ही जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की भीड़ नजर आने लगी, अरे वह गांव में काफी उत्साह नजर आया। सभी प्रत्याशी मतदाताओं का अभिवादन करते नजर आए, सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक खान और उनके सहयोगियों लीलाधर साहू, जोगेंद्र पाल सिंह, रॉनी फर्नांडिस, मनीषा खरे, मलय झा, साक्षी रामटेके, वर्षा सैनी द्वारा मतदान के पश्चात मतों की गणना प्रारंभ की गई। अधिवक्ता परिणाम जानने के लिए मतगणना स्थल के पास देर शाम तक देते रहे, देव शाम तक मधु की घोषणा कर दी गई।

## शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी स्कूलों में दी जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- व्यवसाय से संबंधित कुटीर उद्योग का भ्रमण

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की दो सदस्य टीम बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल में पहुंचे। इस टीम में प्रोफेसर डॉ. कालीचरण मिश्रा एवं प्रोफेसर प्रतिमा कुमारी शामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा एवं संकुल समन्वयक ने इस टीम को विकास खंड के परंपरागत व्यवसाय से संबंधित कुटीर उद्योग का भ्रमण कराया तथा इन कुटीर उद्योग का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में किस प्रकार किया जाए इस पर रिसर्च किया जा रहा है यह बताया गया। टीम के सदस्यों ने अवगत कराया कि आने वाले समय में शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी स्कूलों में दी जाएगी। जिससे बच्चे अपने पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा सफलतापूर्वक ग्रहण कर अपने भविष्य को संवार सकेंगे। खंड स्त्रोत समन्वयक ने अवगत कराया कि वर्तमान में माध्यमिक शाला में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें कास्ठ, मेटल, पाक तथा सिलाई कला समेत विद्युत रिपेयरिंग, साइकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य टेक्निकल प्रशिक्षण दिया जाता है। इसे विस्तृत रूप से करने टीम के द्वारा स्पेशल रिसर्च किया जा रहा है। आने वाले समय में इसका रूप विस्तारित होगा जिसका लाभ विद्यार्थियों के साथ-साथ कला में पारंगत ग्रामीणों को भी होगा जो ट्विटर के रूप में अपनी सेवा दे सकेंगे। इस दौरान डा. अखिलेश त्रिपाठी के साथ खंड स्त्रोत समन्वयक बास्तानार रमझम कच्छ, खंड स्त्रोत समन्वयक लोहंडीगुड़ा रोमांचल ठाकुर, संकुल समन्वयक कमलेश कश्यप, खगेश्वर ठाकुर, पवन बहादुर, रमाकांत साहू उपस्थित रहे।

## बस्तर ब्लॉक के कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- कृषि कार्य हेतु कम समय एवं लागत में घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का भी कर सकते हैं

जिले के बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोलचूर में ड्रोन के माध्यम नैनो यूरिया का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया जा रहा है। किसानों को नयी तकनीक की जानकारी दी जा रही है। किसान प्रदर्शनी को देखने उत्साहित नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में किया जा रहा है। साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग और भारत सरकार की कंपनी एनएफएल के संयुक्त तत्वावधान में डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इस मौके पर किसानों को अवगत कराया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े रकबा में जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों को कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की पैदावार बेहतर होगी। इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य के लिए घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु किसानों को किराया मात्र 300 रुपए प्रति एकड़ वहन करना पड़ेगा। कृषि कार्य हेतु ड्रोन से छिड़काव की अवधि 3 से 7 मिनट प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है, जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव के दौरान संयुक्त संचालक कृषि ध्रुव और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी मौजूद थे।



## प्रत्येक ग्रामीणों तक पहुंचेगा मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ : मनीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव

भारत सरकार की योजनाओं से आमजन को अवगत कराने एवं शासन की योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही है। गुरुवार को ग्राम कोलचुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये उनका लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री द्वारा चलायी गयी जन उपयोगी योजनाओं को जनता तक सीधे पहुंचाने निकाली गयी है। गांव-गांव में ग्रामीण जन केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित रह गये हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ देने कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठायें, यह सभी योजनाओं जनता के लाभ के लिये ही बनी है। ग्रामीणों को आवेदन पत्र भरवाये गये। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ, जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, तुलाराम, सदाशिव ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय संबंधित समस्याओं पर एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ब्लाक सर्व आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बस्तर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि विश्वविद्यालय किसी भी देश और समाज की बुनियाद होते हैं। विश्वविद्यालयों को किसी भी एक विचारधारा, सरकार, जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र का न होकर सभी का होना होता है। भारत के संविधान की प्रस्तावना के मूल न्याय, समता, बंधुता के मूल्यों पर ही उच्च शिक्षा का वजूद होना चाहिए। मगर मौजूदा दौर में उच्च शिक्षा के केंद्र इन विश्वविद्यालयों पर कई तरह के खतरे आन पड़े हैं। नागरिकों का इन खतरों की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए 6 बिंदुओं का मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान



सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, सचिव ओमेश्वर कश्यप, सामान्य प्रभाग उपाध्यक्ष गोवर्धन बघेल, कमलेश कश्यप, बंसी मौर्य, दामु कश्यप मौजूद थे।

## सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक...



**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के.और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने आगामी त्यौहार, शासकीय आयोजन और रैलियों के लिए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित तीनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक और सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व पुलिस, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## 8 ग्राम पंचायतों में पहुंचा केंद्र सरकार के योजनाओं का प्रचार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले के 8 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के मध्य काफी उत्साह दिखा। जिले के बस्तर ब्लॉक के कोलचुर एवं टिकरा लोहंगा, जगदलपुर विकासखण्ड के छोटे कवाली एवं कवालीकला, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के आंजर एवं बड़े गुमियापाल और तोकापाल विकासखण्ड के कोयपाल एवं राजूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम पंचायत बड़े गुमियापाल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाया। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं से लाभान्वित करना है।

### यात्री बसों में फर्स्ट एड किट एवं आग बुझाने वाला यंत्र नहीं

बीजापुर। सिविल जज ताजुद्दीन आसिफ के निर्देशन में बीजापुर आने-जाने वाले सभी बसों का सघन जांच किया गया एवं आग बुझाने वाला यंत्र एवं फर्स्ट एड किट की उपलब्धता जांच किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग व यातायात पुलिस विभाग बीजापुर एवं परिवहन उड़नदस्ता जगदलपुर की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर 16 से 18 दिसंबर तक यात्री बसों की सघन जांच कर कमी पाए जाने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई की गई तथा सभी बस मालिकों को 3 दिवस के भीतर नियमानुसार कमी दूर करते हुए आग बुझाने वाला यंत्र और फर्स्ट एड किट रखने के निर्देश दिए गए। चालानी कार्रवाई के तहत 18 यात्री बसों से चालान वसूला गया।







